वाणिज्य विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन

अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में आज दिनांक 24 अप्रैल 2024 को वाणिज्य विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसका विषय "आइटीआर ई-फाइलिंग" रहा। कार्यक्रम का आयोजन बी.कॉम छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों को आइटीआर ई- फाइलिंग सीखना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में गौरव गिरी और शिल्पी सिंगला रहे जो की श्याम सुंदर मंगला &कम्पनी एलएलपी में कार्यरत है। उन्होंने बहुत सरल तरीके से विद्यार्थियों को आइटीआर फाइलिंग करने के गुर सिखाएं। इसमें विद्यार्थियों को न केवल परीक्षा के लिए अपितु आइटीआर फाइलिंग कैसे कमाई का माध्यम बन सकती है यह भी बताया गया। विद्यार्थियों ने पुरानी और नई कर प्रणाली के अनुसार आइटीआर फाइलिंग करना सीखा। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के दिशा-निर्देशन और कॉलेज प्रबंधन समिति के संरक्षण और सहयोग से किया गया। प्राचार्य जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि विद्यार्थियों को थ्योरी के साथ-साथ प्रैक्टिकल कौशल भी आना आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभाग की अध्यक्ष डॉ. शोभना गोयल द्वारा विभाग के अन्य अध्यापकों के सहयोग से किया गया। लगभग 92 विद्यार्थियों इस कार्यक्रम लाभान्वित रहे।